“ सीसीटीएनएस की रैंकिंग में जनपद महोबा को प्रथम स्थान ”

- **मुख्यालय तकनीकी सेवाएं द्वारा पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक महोबा को प्रशस्ति पत्र से किया गया सम्मानित-**
- **पुलिस अधीक्षक महोबा के नेतृत्व में जनपद को पुनः प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।**

सीसीटीएनएस योजना की प्रगति के संबंध में मुख्यालय तकनीकी सेवाएं द्वारा मई 2025 के डाटा के अनुसार जनपदों की रैंकिंग की गई है। जिसमें लम्बित अभियोगों के त्वरित निस्तारण को लेकर जारी प्रदेश स्तरीय सीसीटीएनएस रैंकिग में जनपद महोबा पुलिस को 100 % अंको के साथ प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है ।

इस उपलब्धि पर **श्री नवीन अरोरा,** अपर पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवायें मुख्यालय उ0प्र0 लखनऊ द्वारा पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया है साथ ही साथ भविष्य में भी इसी प्रकार पूर्ण मनोयोग एवं प्रतिबद्धता के साथ सौपें गये दायित्वों का निर्वहन कर विभाग की प्रतिष्ठा बढाने में सहयोग किये जाने हेतु प्रशंसा की गई है।

ध्यातव्य रहे कि पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक महोबा के कुशल नेतृत्व में जनपद को पुनः प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

क्या है सीसीटीएनएस पोर्टल-

सीसीटीएनएस के माध्यम से किसी भी अपराध से जुड़ी हुई रिपोर्ट के साथ ही प्रकरण किस स्थिति में है। कितने आरोपी गिरफ्तार हुए। पुलिस मामले में किस स्तर पर विवेचना कर रही है। लगभग यह सभी जानकारियां चालान पेश होने तक की हर गतिविधि को सीसीटीएनएस साफ्टवेयर में ऑनलाइन किया जाता है।

सीसीटीएनएस की रैंकिंग से जुडे महत्वपूर्ण पोर्टल-

1. CCTNS portal Ke IIF forms 2. Training certificate portal
3. Pared portal 4. Field unit portal
5. PG portal6. Foot patrolling portal
7. Crimac portal 8. ICJS portal
9. Crime analytical portal 10. NAFIS portal

इन सभी पोर्टल में अच्छी फीडिंग व मॉनिटरिंग के आधार पर महोबा पुलिस को पुनः प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

ग्यारहवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग शिविर कार्यशाला का किया गया भव्य आयोजन–

आज दिनांक- **21.06.2025** को "ग्यारहवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस" के अवसर पर स्पोर्ट्स स्टेडियम महोबा ग्राउंड में योग शिविर कार्यशाला का आयोजन मुख्य अतिथि मा0 राज्य मंत्री नगर निगम, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन मंत्री उ.प्र. सरकार श्री राकेश राठौर 'गुरु' जी तथा नोडल अधिकारी श्री मार्कण्डेय शाही, श्रम आयुक्त, उ.प्र. की गरिमामयी उपस्थिति में जिलाधिकारी महोबा श्रीमती गजल भारद्वाज एवं पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपद के सम्मानित जनप्रतिनिधियों तथा पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ किया गया, जिसकी थीम- **"एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग – Yoga for One Earth, One Health"** रखी गई है", जिसमें पुलिस लाइन महोबा में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे नये रिक्रूटों एवं स्थानीय लोगों द्वारा भी इस योग शिविर कार्यशाला में बढ़-चढ के हिस्सा लिया गया।

इस दौरान सामूहिक रुप से योग प्रशिक्षक द्वारा सभी को योग के प्रति जागरुक करते हुए योगाभ्यास कराया गया । इस दौरान योग प्रशिक्षक द्वारा मानव जीवन में योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित सभी को नियमित रुप से योगाभ्यास करने हेतु प्रेरित किया गया ।

इस दौरान मा0 विधान परिषद सदस्य श्री जितेन्द्र सिंह सेंगर, मा0 सदर विधायक श्री राकेश गोस्वामी, जिलाध्यक्ष भाजपा श्री मोहन लाल कुशवाहा, नि. सांसद श्री पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, अपर जिलाधिकारी श्री रामप्रकाश, अपर जिलाधिकारी श्री मोइनुल इस्लाम, अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह सहित सम्मानित जनप्रतिनिधि व अन्य पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारीगण मौजूद रहे।

इसी क्रम में पुलिस लाइन महोबा प्रांगड में भी योग शिविर कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण को योग प्रशिक्षक द्वारा शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रखने के लिए योगाभ्यास कराया गया तथा बताया गया कि योग द्वारा न सिर्फ बीमारियों का उपचार किया जाता है अपितु इसे अपनाकर कई शारीरिक और मानसिक कमियों को भी दूर किया जा सकता है, तन और मन दोनों को सेहतमंद बनाए रखने के लिए नियमित रूप से योगासनों को दिनचर्या में शामिल करके लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

इसके अतिरिक्त जनपदीय पुलिस के समस्त थानों/चौकी तथा पुलिस कार्यालयों में भी योग शिविर/कार्यशाला का आयोजन कर योगाभ्यास किया गया।